# राजस्थान विवि. में छात्र-छात्राओं पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, धक्का-मुक्की में नीचे गिरे कई विद्यार्थी

## पुनर्मूल्यांकन शुल्क में हुई बढ़ोतरी के विरोध में प्रदर्शन करने जुटे थे विद्यार्थी, पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान यूनिवर्सिटी में रिवैल्यूशन फीस (पुनर्मूल्यांकन शुल्क) में हुई बढ़ोतरी के विरोध में बुधवार को छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस का दोहरा रुप देखने को मिला। राजस्थान यूनिवर्सिटी में दो अलग-अलग जगहों पर छात्र-छात्राओं प्रदर्शन चल रहा था। जिसमें एक गुट के करीब 10-12 छात्र-छात्राएं कुलपति सचिवालय में उग्र प्रदर्शन करते हुए करीब छत पर चढ़ गए और रिवैल्यूशन फीस में हुई बढ़ोतरी को लेकर नारेबाजी करने लगे। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छत पर चढ़े छात्र-छात्राओं को नीचे लाने के बाद लाठी-चार्ज किया। दूसरी ओर एडम ब्लॉक के बाहर शांति पूर्ण तरीके से धरना दे रहे छात्र-छात्राओं पर भी पुलिस ने बल प्रयोग किया।

कुलपति सचिवालय में बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे विश्व विद्यालय परिसर में स्थित प्रशासनिक भवन के बाहर कुछ छात्र-छात्राएं शांतिपूर्वक तरीके से जमीन पर दरी पट्टी पर बैठकर धरना दे रहे थे। इसी दौरान पुलिस के भारी जाप्ते ने हूर्र-हूर्र करते हुए छात्राओं को खदेड़ दिया।

इसी दौरान अपना पक्ष रखने पहुंचे एक छात्र पर पुलिस ने जमकर लाठी बरसा दी। इस दौरान पुलिस और स्टूडेंट्स के बीच जमकर धक्का-मुक्की हो गई। कई छात्र गिर भी गए। पुलिस ने छात्र नेता शुभम रेवाड़ समेत 8 स्टूडेंट्स को हिरासत में लिया। इस कार्रवाई के विरोध में कुछ छात्राएं पुलिस की गाड़ी को रोकने के लिए उसके फ्रंट हिस्से पर चढ़ गईं। वे पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगीं।

मामला बढ़ता देखकर विश्वविद्यालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी। मौके पर पहुंची अतिरिक्त पुलिस फोर्स ने आते ही छात्र-छात्राओं को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। एसपी आदित्य पुनिया ने सारे नियम कायदों को ताक में रखते हुए छात्राओं को घसीट-घसीट कर पुलिस बस में डाला। जबकि इस कार्यवाही में महिला पुलिस दूर से तमाशा देखती हुई नजर आई।





राजस्थान यूनिवर्सिटी में पुनर्मूल्यांकन शुल्क में हुई बढ़ोतरी के विरोध में उग्र प्रदर्शन करने पहुंचे विद्यार्थियों पर पुलिस ने लाठियां भांजी। फोटो-राष्ट्रदूत

- पुलिस ने छात्र नेता शुभम रेवाड़ समेत 8 स्टूडेंट्स को हिरासत में लिया। इस कार्रवाई के विरोध में कुछ छात्राएं पुलिस जीप को रोकने के लिए उसके फ्रंट हिस्से पर चढ़ गई, जिससे मामला बिगड़ गया।
- इसके बाद अतिरिक्त पुलिस फोर्स बुलाकर छात्र-छात्राओं को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज किया गया।

विरोध-प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर पुनर्मूल्यांकन शुल्क में भारी वृद्धि कर छात्र-छात्राओं पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का आरोप लगाया। आरोप है कि विश्व विद्यालय प्रशासन ने छात्र-छात्राओं पर रणनिति तैयार कर एक नंबर बैक लगाई है। ताकी वो मजबूर होकर पुनर्मूल्यांकन कराए और शुल्क जमा करवाएं।

विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने बताया की हम नोटों की माला पहनकर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे, क्योंकि इन्हीं रुपयों को लेने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों को परेशान कर रहा है।

प्रशासन को सीधे बोल देना चाहिए, बार-बार गलत मार्किंग करके छात्रों को क्यों परेशान करते हो। वैसे भी बीते कुछ सालों में राजस्थान विश्वविद्यालय की पारदर्शिता की कमी और परीक्षा परिणामों में हो रही



अनियमितताएं जगजाहिर हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों से जबरन वसूली कर रहा है। रिजल्ट में गड़बड़ी के कारण बड़ी संख्या में छात्रों को अगले सेमेस्टर में प्रमोशन नहीं दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं करता। मजबूरन प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा है, हम इस अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

# नकाबपोश बदमाशों ने चुराए लाखों रु. के जेवर

- आरोपियों ने सुरक्षा गार्ड को भी बंधक बनाकर पटका
- पुलिस व एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए
- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू

**जयपुर** (कासं)। माणक चौक इलाके में एक ज्वैलरी दुकान का ताला तोड़कर नकाबपोश बदमाश अंदर घुसे और लाखों रुपए के जेवरात चुराकर ले गए। बताया जा रहा है कि जब सुरक्षा गार्ड आए तो उनके हाथ-पैर बांधकर फरार हो गए। सूचना मिलने पुलिस मौके पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। वहीं साथ ही पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम को बुलाकर सबूत जुटाए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नकाबपोश बदमाशों की तलाश में जुटी है।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी माणक चौक) पीयूष कविया ने बताया कि चोरी की वारदात थाना इलाके के हल्दियों के रास्ता में स्थित सिद्धि विनायक कॉम्प्लेक्स में ग्राउंड फ्लोर के श्रीगजानंद ज्वेलर्स के हुई है। जहां ज्वैलर विनोद अग्रवाल की श्रीगजानंद ज्वेलर्स की दुकान है। पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि मंगलवार रात दुकान मंगल कर अपने घर चले गया था। इसके बाद बदमाश मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि पडौस की बिल्डिंग से जाली तोड़कर कॉम्पलेक्स के अंदर घुस कर ज्वैलरी शॉप पर लगे लॉक को तोड़ा और फिर लाखों रुपए के गहने चुरा कर ले गए। इस बीच सिक्योरिटी गार्ड मानसिंह को बदमाशों ने गार्ड रूम में बंद कर दिया था। शटर तोड़ने की आवाज सुनकर आए दूसरे सिक्योरिटी गार्ड गिरिराज प्रसाद पर हमला किया और हाथों को बांध दिया। इसके बाद बदमाशों ने दोनों के मोबाइल छीनकर ज्वैलरी शॉप के अंदर फेंक कर लाखों रुपए कीमत के गहने चुरा कर फरार होने लगे। इसी दौरान पड़ोसी बिल्डिंग का सिक्योरिटी गार्ड मदन भी वहां आ गया और उसके साथ भी बदमाशों ने मारपीट की और बाथरूम में बंद कर दिया। नकाबपोश बदमाशों के भागने के बाद सिक्योरिटी गार्ड ने जैसे-तैसे खुद को रस्सी से छुटाया। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड गिरिराज थाने पहुंच कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने सूचना पर तुरंत नाकाबंदी करवाई,लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा।पुलिस का मानना है कि शॉप से करीब चालीस किलोग्राम चांदी चोरी हुई है। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए है।

# फूड कलर मिलाकर बनाए हुए 300 मोमोज नष्ट कराए

## मानसरोवर स्थित श्रीजी चाइनीज़ फास्ट फूड पर कार्रवाई

**जयपुर** । प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की टीम ने मानसरोवर स्थित मैसर्स श्रीजी चाइनीज फास्ट फूड पर कार्यवाही की है। जहां मोमोज में फूड कलर का उपयोग किया जा रहा था। जिस पर फूड सेफ्टी टीम ने 300 मोमोज नष्ट करवाए। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि इस रेस्टोरेंट पर अनेक अनियमितताएं पाई गई। मोमोज तैयार करने में अत्यधिक मात्रा में फूड कलर का उपयोग किया जा रहा था । जो कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार सब्जी,चाइनीज फूड, एवं अन्य भोजन में प्रतिबंधित है मौके पर तैयार लगभग 300 मोमोज एवं पांच किलो ग्रेवी को नमूने लेकर नष्ट करवाया गया। इसके अलावा पनीर की क्वालिटी भी घटिया थी। जिसके नमूने लिए गए। बटर के स्थान पर टेबल मारग्नि का उपयोग किया जा रहा था। मौके पर पानी की जांच रिपोर्ट,पेस्ट कंट्रोल, फूड हैंडलर्स के मेडिकल सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं थे। परिसर में गंदगी पाई गई। खाद्य सामग्री खुले में रखी हुई थी। फर्म के प्रोपराइटर संतलाल को उक्त कमियां दुरुस्त करने के लिए पाबंद किया गया। फर्म को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे।



# मृतक बी.एल.ओ. मुकेश जांगिड़ के परिवार को न्याय देने की मांग उठाई

**जयपुर**। बी.एल.ओ मुकेश जांगिड़ के आत्महत्या प्रकरण को लेकर राजधानी जयपुर में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के नेतृत्व जयपुर जिला कलेक्ट्रेट पर बीएलओ आत्महत्या प्रकरण में अधिकारियों द्वारा प्रताड़ना पूर्ण दबाव को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए प्रताड़ना देने वाले अधिकारियों को तत्काल निलंबित, एस आई आर कार्य में लगे सभी बीएलओ शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ित नहीं करने एवं कार्य की अधिकता कम करने पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा राशि देने की मांग की गई। धरने को महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह, राजेन्द्र राणा, सियाराम शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष सियाराम शर्मा, प्रवक्ता जितेंद्र सिंह, दयानंद सोनी मौजूद थे।



बी.एल.ओ मुकेश जांगिड़ के आत्महत्या प्रकरण को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

# वॉटर सप्लायर और आवासीय परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी

- जैतपुरा, निवारू और रामगंज में लगाया 7.64 लाख रु. का जुर्माना

**जयपुर** । जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने बुधवार को जैतपुरा, निवारू एवं रामगंज क्षेत्रों में 5 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी और 7 लाख 64 हजार रूपए का जुर्माना लगाया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा एवं अधीक्षण अभियन्ता (सतर्कता) बी.एल.शर्मा ने बताया कि जैतपुरा विद्युत उपखण्ड क्षेत्र में 2 घरेलू परिसरों में एल.टी. लाइन पर अवैध आंकड़े डालकर विद्युत चोरी की जा रही थी। इस पर वीसीआर भरकर करीब 1 लाख 72 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार निवारू क्षेत्र में एक वाटर सप्लायर के परिसर की जांच की गयी। जिसमें पाया गया कि उपभोक्ता द्वारा थ्री फेज मीटर को पीछे से काटकर मीटर बन्द करके विद्युत चोरी की जा रही थी, जिस पर वीसीआर भरी जाकर 3 लाख 36 हजार का जुर्माना लगाया गया है। रामगंज क्षेत्र में एल.टी. स्प्रिंग लोडेड बॉक्स के अन्दर समानान्तर अवैध तार जोडकर 2 घरेलू परिसरों में विद्युत चोरी की जा रही थी, जिस पर वीसीआर भरी जाकर करीब 2 लाख 56 हजार का जुर्माना लगाया गया है। संबंधित सभी उपभोक्ताओं को जुर्माना राशि जमा करवाने के लिए नोटिस जारी कर दिये गये हैं। मौके से अवैध केबिल को जब्त किया गया है।

# समर्थन मूल्य पर ख़रीद 24 नवंबर से शुरू होगी

## मूंग, मूंगफली, सोयाबीन और उड़द के लिए 3.12 लाख किसानों का पंजीयन हो चुका

- बीकानेर और चूरू जिले में मिले फर्जी पंजीयन के मामलों में कार्यवाही जारी
- आधार आधारित बायोमीट्रिक पहचान के माध्यम से होगी खरीद : गौत्तम दक

जयपुर (कासं)। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो जाने के बाद अब राज्य में समर्थन मूल्य पर मूंग, मूंगफली, सोयाबीन और उड़द की ख़रीद 24 नवंबर (सोमवार) से शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार मूंग की 3 लाख 5 हजार 750 मीट्रिक टन, उड़द की 1 लाख 68 हजार मीट्रिक टन, मूंगफली की 5 लाख 54 हजार 750 मीट्रिक टन और सोयाबीन की 2 लाख 65 हजार मीट्रिक टन की ख़रीद की जाएगी।

दक ने बताया कि मूंग की 340, मूंगफली की 302, सोयाबीन की 79 और उड़द की 151 केंद्रों पर ख़रीद की जाएगी। अब तक मूंग बेचान के लिए 97 हजार 392, मूंगफली के लिए 1 लाख 87 हजार 580 सोयाबीन के लिए 26 हजार 143 एवं उड़द के लिए 1 हजार 681 किसानों ने पंजीयन करवाया है। इस प्रकार, अब तक कुल 3 लाख 12 हजार 796 किसान समर्थन मूल्य पर उपज बेचान के लिए पंजीयन करवा चुके हैं। भारत सरकार द्वारा मूंग का समर्थन मूल्य 8,768 रुपये, मूंगफली का 7263 रुपये, उड़द का 7800 रुपये एवं सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5,328 रुपये प्रति क्विंटल एफ.ए.क्यू. श्रेणी का घोषित किया गया है।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि बीकानेर और चूरू जिलों में फर्जी गिरदावरी और फर्जी पंजीयन की शिकायतें प्राप्त होने पर जिला कलक्टरों से जांच कराई गई। जांच में बीकानेर ज़िले में 5,954 और चूरू ज़िले में 9819 फर्जी गिरदावरी एवं फर्जी पंजीयन के मामले पाए गए, जिनके पंजीयन टोकन राजफेड द्वारा निरस्त किये जाकर ख़रीद सीमा तक नये पंजीयन किए जाएंगे।

दक ने बताया कि इस बार समर्थन मूल्य पर ख़रीद किसानों की आधार आधारित बायोमीट्रिक पहचान के माध्यम से ही की जाएगी। ओटीपी के माध्यम से ख़रीद की सुविधा इस बार उपलब्ध नहीं होगी। भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार नैफेड और एनसीसीएफ के लिए समर्थन मूल्य पर ख़रीद 90 दिवस की अवधि में की जाएगी। सहकारिता मंत्री ने राजफेड को निर्देश दिए हैं कि खरीद केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित कर ली जाए।

# लखनऊ में 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता 23 से

- जम्बूरी राजस्थान से 1700 स्काउट-गाइड लेंगे हिस्सा
- जगतपुरा प्रशिक्षण केन्द्र में तैयारियों के लिए राज्य शिविर का मंत्री सुरेश रावत ने किया उद्घाटन

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष व जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बुधवार सुबह जगतपुरा स्थित स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचे। यहां उन्होंने 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी (लखनऊ) के लिए स्काउट-गाइड के विशेष राज्य स्तरीय शिविर का उद्घाटन किया। रावत ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार स्काउट-गाइड को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश उपाध्यक्ष व जल संसाधन मंत्री रावत ने स्काउट गाइड, प्रशिक्षकों और संगठन के पदाधिकारियों के प्रयासों के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि पाली के रोहट में 18 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी और भारत स्काउट गाइड की 75वीं वर्षगांठ पर तमिलनाडु में हुई स्पेशल जम्बूरी में राजस्थान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वास व्यक्त किया है कि उत्तर प्रदेश में भी प्रदेश के होनहार प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। रावत ने बताया कि राष्ट्रीय जम्बूरी में राजस्थान से लगभग 1700 स्काउट व गाइड सहभागी बनेंगे।

जयपुर से दल स्पेशल ट्रेन के जरिए 21 नवम्बर को रवाना होगा। राष्ट्रीय जम्बूरी का उद्घाटन 23 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर संगठन के स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य ने कहा कि राजस्थान राष्ट्रीय जम्बूरी में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अव्वल रहा है। इस बार भी स्काउट गाइड फिर से प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे। उल्लेखनीय है कि यह राज्य स्तरीय शिविर राष्ट्रीय जम्बूरी की पूर्व तैयारियों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

इससे पहले उद्घाटन समारोह में सरदार शहर की गाइड्स ने स्वागत नृत्य, वनस्थली विद्यापीठ की गाइड्स ने लोक नृत्य, पाली के स्काउट गाइड ने बैंड प्रदर्शन, बालचर आवासीय विद्यालय के स्काउट ने लोक नृत्य एवं कोटा मंडल के संभागियों ने भी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में संगठन के स्टेट कमिश्नर डॉ. अखिल शुक्ला, स्टेट सेक्रेटरी पी.सी. जैन सहित अन्य पदाधिकारी, प्रशिक्षक और स्काउट गाइड उपस्थित थे।

# खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी आज से

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 20 नवम्बर से 13 जनवरी तक लगेगी। इसका शुभारंभ गुरूवार दोपहर 3 बजे खादी और ग्रामोद्योग आयोग जयपुर के राज्य निदेशक डॉ. राहुल मिश्र, राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जयपुर के सचिव राजेश वर्मा (आई.ए.एस) तथा राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर के अध्यक्ष इन्दुभूषण गोईल करेंगे। खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत तथा परप्रान्तीय खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत छूट का लाभ ग्राहकों को दिया जायेगा।

## सार-समाचार

### आमेरा की मुख्य सचिव से मुलाक़ात



**जयपुर** । ऑल राजस्थान कोऑपरेटिव बैंक एम्पलाईज यूनियन एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रान्तीय महासचिव, सहकारी साख समितियाँ एम्पलाईज यूनियन राजस्थान के प्रान्तीय अध्यक्ष, सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने बुधवार को नवनियुक्त मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास से सचिवालय में मुलाकात की। आमेरा ने पैक्स से अपैक्स तक प्रदेश के सभी सहकारी कर्मियों की ओर से मुख्य सचिव को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। सहकार नेता आमेरा के साथ एसएलडीबी यूनियन के अध्यक्ष मुकेश पीपलीवाल जयपुर सीसीबी एसोसिएशन सचिव मनीष गंगवाल पदाधिकारी साथ रहे । मुख्य सचिव ने प्रदेश के सहकारी आंदोलन के बारे मे आमेरा से औपचारिक बातचीत करते हुए,जोधपुर कलेक्टर रहते हुए जोधपुर केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रशासक कार्यकाल की अपनी स्मृति साझा की। आमेरा ने मुख्य सचिव से उनके अनुभवी कुशल नेतृत्व में प्रदेश के सहकारी आंदोलन की उत्तरोत्तर प्रगति व सहकारी बैंकों की आर्थिक मजबूती के लिए संगठन के सहयोग के लिए आश्वस्त करते हुए संवाद बनाए रखने पर चर्चा हुई ।

### एमवे का 'विटामिन डी प्लस' बोरॉन लॉन्च

**जयपुर** । आज की तेज़ और व्यस्त जीवनशैली में पोषण की कमी चुपके-चुपके नुकसान पहुँचाने वाली एक समस्या बनती जा रही है। इसी वजह से लोग अब अपने संपूर्ण स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। विटामिन डी की कमी भी ऐसी ही एक समस्या है, जो अलग-अलग आयु समूहों के लोगों में देखने को मिलती है और यह साफ दिखाता है कि समय रहते पोषण की कमी पूरी करना क्यों ज़रूरी है। इसी आवश्यकता को देखते हुए और पोषण के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता को और मजबूत करते हुए, एमवे इंडिया ने न्यूट्रिलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन लॉन्च किया है। यह वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया फ़ॉर्मूलेशन विटामिन डी का स्तर बेहतर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है और हड्डियों तथा इम्यूनिटी को बेहतर करता है। एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चौपड़ा ने कहा कि अध्ययनों से पुष्टि हुई है कि लगभग 80-90 प्रतिशत भारतीयों में विटामिन डी का स्तर अपर्याप्त है, जो समय के साथ हड्डियों और समग्र स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। विटामिन डी3, बोरॉन, विटामिन के2, क्वेरसेटिन और लीकोरिस के अनूठे मिश्रण के साथ, न्यूट्रिलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन केवल सप्लीमेंट्स का काम नहीं करता बल्कि शरीर को कई अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है और पोषण की कमी को समय रहते पूरा करता है। यह उत्पाद अनुशंसित दैनिक खुराक (आरडीए) और संबंधित विनियामक मानकों के अनुरूप है, जो दर्शाता है कि न्यूट्रीलाइट लोगों को बेहतर स्वास्थ्य अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर प्रतिबद्ध है।

### सुरेशचंद शर्मा को पीएचडी की उपाधि

**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय के आर्थिक प्रशासन एवं वित्तीय प्रबंधन विभाग में शोधार्थी सुरेश चन्द शर्मा द्वारा पर्यटन उद्योग की आर्थिक उपयोगिता पर आधारित शोध सुर्खियों में है। शोध का शीर्षक इकोनॉमिक वायबिलिटी ऑफ टूरिज्म इंडस्ट्री इन राजस्थान (ए स्टडी ऑफ सलेक्टेड टूरिज्म डेस्टिनेशन इन राजस्थान) है। यह पीएचडी प्रो. राजीव कुमार सक्सेना के निर्देशन में पूरा किया गया, जिसमें राजस्थान के चुनिंदा पर्यटन स्थलों की आर्थिक व्यवहार्यता, रोजगार सृजन और राज्य की अर्थव्यवस्था में पर्यटन के योगदान का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। अपने अध्ययन में शर्मा ने बताया कि पर्यटन उद्योग राजस्थान की अर्थव्यवस्था का सशक्त आधार बन चुका है, जो न सिर्फ राजस्व बढ़ाता है बल्कि स्थानीय समुदायों को रोजगार और व्यवसायिक अवसर भी प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय ने इस शोध को नीति निर्माण और पर्यटन प्रबंधन के क्षेत्र में उपयोगी बताया है। शोध प्रस्तुतिकरण के बाद विभाग में शर्मा की व्यापक प्रशंसा की गई।

### एचडीएफसी बैंक में जमा हुए नकली नोट

**जयपुर** । रामनगरिया क्षेत्र स्थित जगतपुरा के एचडीएफसी बैंक शाखा में नकली नोट जमा कराने का मामला सामने आया है। बैंक में नकदी जमा कराने आए एक कस्टमर द्वारा दिए गए नोटों को जब कैशियर ने चैक किया तो उनमें नकली नोट होने की पुष्टि हुई। इस पर बैंक प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जांच अधिकारी एसआई गिरवर सिंह ने बताया कि एचडीएफसी बैंक के ब्रांच मैनेजर राहुल कुमार सिंह की ओर से थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। शिकायत के अनुसार 12 नवंबर को एक ग्राहक कैश जमा कराने आया था। कैशियर ने नोटों की जांच की तो 500 रुपए के 10 नोट नकली पाए गए। नकली नोटों की पुष्टि होने के बाद बैंक प्रबंधन ने ग्राहक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने नकली नोट अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि नकली नोट कहां से आए और ग्राहक की इसमें क्या भूमिका है।